# जल सुरक्षा सुनिश्चितिकरण बांध परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- 13 फरवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर ने नूंह ज़िले के पथखोरी में जल सुरक्षा सुनिश्चितिकिरण बांध परियोजना का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- इसका उद्देश्य राज्य में अरावली और शिवालिक पहाड़ियों में झरनों के माध्यम से बहने वाले पानी को बांध बनाकर संरक्षित करना है, ताकि वर्षा जल का उपयोग वर्षा के बाद भी पूरे वर्ष पेयजल और सिंचाई के प्रयोजनों के लिये किया जा सके।
- इस परियोजना से नूंह ज़िले के 9 गाँवों की पेयजल और सिंचाई की ज़रूरतें पूरी होंगी, जिसके अंतर्गत बांध के बनने से 224 हेक्टेयर मीटर पानी का संग्रहण हो सकेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास संबंधी कई जानकारियाँ दीं।
    - दक्षिणी हरियाणा क्षेत्र में पानी की कमी को दूर करने के लिये 263 करोड़ रुपए से रेनी वेल योजना की शुरुआत की गई है।
    - 200 क्यूसेक क्षमता की मेवात नहर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें केएमपी एक्सप्रेस-वे सहित यमुना नदी से पानी लिया जाएगा।
    - मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को धान के स्थान पर वैकल्पिक फसल बोने के लिये 7,000 रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/water-security-assurance-dam-project